<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक– 24 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- गीता प्रेरणा उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ–आरएसएस के सरसंघ चालक मोहन भागवत। मुख्यमंत्री ने कहा–जीवन जीने की कला सिखाती है श्रीमद्भागवत गीता।
- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य ध्वजारोहण समारोह में शामिल होने के लिए कल अयोध्या आएंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में जारी हैं ध्वजारोहण से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान।
- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल आज भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स की उन्नीसवीं राष्ट्रीय जंबूरी के हीरक जयंती कार्यक्रम का करेंगी उद्घाटन। ड्रोन शो और परेड सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन।
- भारत ने नेपाल को हरा कर जीता पहला दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप। मुख्यमंत्री ने दी बधाई। कहा–बेटियों के साहस और संकल्प की रोशनी से भारत ने लहराया परचम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत के साथ दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में शामिल हुये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक सनातन धर्मावलंबियों के जीवन का मंत्र है, गीता हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने कहा कि आरएसएस राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ पिछले सौ वर्षों से लोगों की निस्वार्थ सेवा में लगा है।

**कर्म की प्रेरणा के साथ निष्काम कर्म योग की जो प्रेरणा भगवान श्री कृष्ण ने हम सबको दी है। कर्मणे वादिका रस्ते मां फले सुख कदाचित। हमारे समारोह के मुख्य अतिथि उस निष्काम कर्म के प्रेरणा स्रोत हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रम के साथ जुड़ रहा है। यहां समाज के सहयोग से संगठन खड़ा हो रहा है और समाज के संगठन के लिए समाज के लिए अपने आप को समर्पित भाव के साथ कार्य करता है।**

इस अवसर पर आरएसएस के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि जीवन के अनुभव का सारांश श्रीमद्भागवत गीता में मिलता है। उन्होंने कहा कि सही रास्ते पर चलने के लिए भारत की जीवन परम्परा को जानना महत्वपूर्ण है।

**जीवन में अर्थ काम की कोई कमी नहीं फिर भी सारे लोग धर्म से परस्पर व्यवहार करते हुए मोक्ष की और अपने जीवन को अग्रसर कर रहे हैं। इस प्रकार का अपने देश का चित्र था, उसी का अनुकरण सारी दुनिया करने के कारण सारी दुनिया में कम अधिक ऐसी स्थिति रही 3,000 साल तक। उस जीवन को दुनिया चाहती है और दुनिया जानती है कि भारत के पास यह ज्ञान है और श्रीमद् भगवत गीता युगों–युगों के जीवन के अनुभव से भारत में जो ज्ञान स्थिर हुआ है, उस ज्ञान का सारांश है।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अयोध्या आ रहे हैं। वह श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे। आयोजन को देखते हुए मंदिर परिसर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी यानी विवाह पंचमी तदनुसार दिनांक 25 नवम्बर 2025 यानी कल श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर पर होने वाले ध्वजारोहण के मद्देनजर परिसर को तैयार करने का काम पूरी तेजी से चल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में होने वाले धर्म ध्वाजारोहण कार्यक्रम के लिए तीसरे दिन वैदिक मर्मज्ञ आचार्यों द्वारा गणपति पूजन, पंचांग पूजन, षोडष मातृका पूजन कराया गया। तत्पश्चात योगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, वास्तु पूजन, नवग्रह पूजन, और प्रधान मंडल के रूप में रामभद्र मंडल व अन्य समस्त पूज्य मंडलों का आह्वान व पूजन हुआ तथा विष्णु सहस्त्रनाम एवं गणेश अथर्वशीर्ष की आहुतियां पूर्ण की गईं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को देखते हुए अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद की जा रही है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

**********

रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव आज बागपत आ रहे हैं। वह बड़ौत में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान दिल्ली–सहारनपुर वाया बागपत–शामली मार्ग पर दो नई पैसेंजर ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई जाएगी।

**********

केन्द्र सरकार ने देश के मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नई श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा की है। उद्योग जगत के साथ ही निजी संस्थानों के कर्मचारियों और मजदूर संगठनों ने इन श्रम संहिताओं के लागू करने की सरकार की घोषणा का स्वागत किया है। जौनपुर के राजेश पाण्डेय ने कहा कि यह सुधार सामाजिक सुरक्षा और न्यूनतम ढांचे को बेहतर बनाने तथा कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में कारगर सिद्ध होगा।

**भारत सरकार ने श्रम कानूनों में बदलाव करते हुए चार कोड के अंतर्गत सारे कानूनों को लाकर के सीमित कर दिया है। इस कोड में महिलाओं का असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे कामगारों का और प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले कामगारों का सबका हितनिहित करते हुए जो बदलाव किए गए हैं, वह एक क्रांतिकारी और मजदूर संगठनों की मांगों को पूरा करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम माना जा सकता है।**

**********

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की उन्नीसवीं राष्ट्रीय जंबूरी के हीरक जयंती कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन समारोह आज आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राष्ट्रीय जंबूरी का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर ड्रोन शो और स्काउट्स एंड गाइड्स की परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में भाग लेगें।

**********

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया के तहत बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों का वितरण और संग्रहण जारी है। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कल महाराजगंज के चिउरहां स्थित बूथ पर पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों से अभियान के बारे में बातचीत की। कानपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने पुनरीक्षण अभियान में सहयोग की अपील की।

**एसआईआर में बहुत सारी चीजें स्पष्ट हैं, आसान हैं, जो एनुमरेशन फॉर्म है, वह घर जाकर बांटे गए हैं। लोगों को एनुमरेशन फॉर्म में अपना कुछ विवरण देना है, उसके अलावा अपने माता–पिता का दादा–दादी का या परिवार का जिसका विवरण आपके पास उपलब्ध है, वह उन्हें देना है और उसके क्रम में उनका एनुमरेशन फॉर्म के आधार पर ड्राफ्ट लोटस में नाम आ जाएगा। यदि कोई विवरण नहीं भी दे पा रहा है अपने माता–पिता, दादा–दादी का तो भी उसका नाम वर्तमान में तो ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल हो ही जाएगा और 9 दिसंबर के बाद अगर हमें लगेगा तो हम कोई साक्ष्य मांग सकते हैं, हमारा प्रयास है कि कोई भी जो पात्र मतदाता है, वह किसी भी दशा में ना छूटे।**

**********

गोआ के पणजी में चल रहे छप्पनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव – इफ्फी सिनेमा के सितारे, सिनेमा के जादू से फिल्म प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। महोत्सव के चौथे दिन कल, दुर्लभ फिल्म प्रदर्शन और मास्टरक्लास से लेकर मधुर संगीत कार्यक्रमों से लोगों का मनोरंजन हुआ। इस बीच इफ्फी के विशेष संगीत कार्यक्रम इफ्फी इस्टा ने भी अपने बैटल ऑफ बैंड्स, सुरों का एकलव्य और वाह उस्ताद प्रतियोगिताओं के जरिए श्रोताओं को लुभाया। इफ्फी इस्टा का भव्य समापन आज होगा। इफ्फी भारत और विश्वभर के सिनेमा प्रेमियों को लगातार यादगार अनुभव प्रदान कर रहा है।

**********

कोलंबो में, भारत ने नेपाल को सात विकेट से हराकर पहला एसबीआई दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप जीत लिया। नेपाल के एक सौ पंद्रह रन के लक्ष्य के जवाब में भारत ने बारह ओवर और एक गेंद में तीन विकेट पर एक सौ सत्रह रन बनाकर शानदार तरीके से खिताब अपने नाम किया। इस नये वैश्विक खिताब को जीत कर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ब्लाइंड वूमेन्स टी ट्वेंटी वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम बन गई है। इस उपलब्धि पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि माँ भारती की वीर बेटियों के साहस और संकल्प की रोशनी से भारत ने विश्व में अपना परचम लहराया है।

इस बीच, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर दी है। शुभमन गिल चोटिल होने के कारण एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह के.एल राहुल को टीम का कप्तान बनाया गया है।

**********

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर तीन सौ बैडमिंटन चैंपियनशिप–दो हजार पचीस की शुरुआत लखनऊ में कल से होगी। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष और प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने कल लखनऊ में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में कुल दो लाख चालीस हजार अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वितरित की जाएगी।

**********